हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 2 जनवरी 2024

04 चिंतामन गणेश मंदिर, कुबेरेश्वरधाम, सलकनपुर...



07 नगर के सर्वांगीण विकास में सरकार ...





## खबर संक्षेप

### स्पेशलिस्ट ग्रेड-3 के पदों पर निकली भर्ती

**सीहोर** | संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने स्पेशलिस्ट के पदों पर भर्ती निकली है। यूपीएसपी इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से स्पेशलिस्ट ग्रेड-3 के पदों पर भर्ती करेगा। उम्मीदवार वेबसाइट upsconline.nic.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। यूपीएससी की ओर से जारी सूचना के अनुसार यह भर्तियां एनेस्थिसियोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, फॉरेंसिस मेडिसिन, माइक्रोबायोलॉजी, पैथोलॉजी सहित अन्य विभागों में की जाएगी। आवेदक की उम्र 30 से 50 वर्ष के बीच होना चाहिए। मेडिकल मे पीजी डिग्री हासिल होना चाहिए।

### मतदाता सूची का प्रकाशन 8 फरवरी को

**सीहोर** | मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजज ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। फोटो निर्वाचन नामावली 2024 की प्रारंभिक गतिविधियां शुरु हो गई हैं। 6 जनवरी को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 6 से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन और नाम हटाने के लिए आवेदन लिए जाएंगे। 8 फरवरी को फोटो निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

### दुर्घटना पॉलिसी में 10 लाख तक का क्लेम

**सीहोर**। भारतीय डाक विभाग की इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में 396 रुपये सालाना की कीमत पर दुर्घटना पॉलिसी जारी की है। इस बीमा पॉलिसी में दुर्घटना मृत्यु स्थाई विकलांगता, आंशिक विकलांगता होने अथवा घटना में अंग-भंग होने या लकवा होने की स्थिति में दस लाख रुपए तक का क्लेम प्रदान किया जायेगा। दुर्घटना का शिकार होने पर अस्पताल में भर्ती बीमाधारक को आईपीडी इलाज के खर्च के लिए 60 हजार रुपये और मरहम पट्टी की जाने अथवा ओपीडी में इलाज की स्थिति में 30 हजार रुपये की राशि मुहैया कराई जाएगी।

### बीजों के विक्रेता को लायसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर**। औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही बीज विक्रेता की रहेगी।

### कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा पीएम और गृहमंत्री के नाम ड्राइवरों ने कलेक्टर को ज्ञापन

**थम गए बसों ट्रकों के पहिए**

# हिट-एंड-रन कानून के खिलाफ सैकड़ों ड्राइवरों ने हड़ताल कर निकाली शहर में आक्रोश रैली

### भोपाल-इंदौर हाइवे पर क्रिसेंट चौराहा, अमलाहा टोल के पास ट्रक और बस ड्रायवरों ने लगाया जाम, पुलिस को जाम खुलवाने के लिए करना पड़ी खासी मशक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





केंद्र सरकार के द्वारा पारित किए गए हिट-एंड-रन कानून के खिलाफ सोमवार को जिले में बसों ट्रकों के पहिए थम गए। बस स्टेंड पर सन्नाटा पसरा रहा। सैकड़ों ड्रायवरों की हड़ताल का व्यापक असर देखा गया। ड्रायवरों ने एक जुट होकर शहर में नारेबाजी करते हुए आक्रोश रैली निकाली।

ड्रायवरों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर काग्रेस परिवहन प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष जसबीर सिंह खनूजा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर सतीष राय को दिया। ड्रायवरों ने हिट-एंड-रन कानून के मुताबिक हादसे में शामिल ड्राइवर्स के लिए 10 वर्ष की कैद और भारी भरकम जुर्माने की सजा तय की गई है। इस कानून का असर परिवहन उद्योग के लिए भी बढ़ा खतरा बना हुआ है। देश की अर्थ व्यवस्था भी बिगड़े का अंदेशा बना हुआ है जिस के चलते इस काले कानून को वापस लेने की मांग की है।

कांग्रेस परिवहन प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष जसबीर सिंह खनूजा ने कहा की अब हादसे में शामिल ड्राइवर्स के लिए 10 वर्ष की कैद का प्रावधान हमारे परिवहन उद्योग को खतरे में डाल रहा है। भारत की सड़क परिवहन बिरादरी भारतीय न्याय सहिता, 2023 के अंतर्गत हिट एड-रन मामलों पर प्रस्तावित कानून के तहत कठोर प्रावधानों के संबंध में कड़ा विरोध और चिंता जता रही है। हिट-एड रन मामलों पर प्रस्तावित कानून के संबंध में भारत के परिवहन समुदाय की व्यापक चिंताओं को आपके ध्यान में जाने के लिए लिख रहे है। हालांकि हिट-एड-रन की घटनाओं से निपटने के लिए कड़े कदम उठाने के पीछे का इरादा अच्छा हो सकता है, लेकिन प्रस्तावित कानून में महत्वपूणज़ खामियां हैं जिन पर तत्काल पुनविज़्चार की आवश्यकता है। देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला परिवहन क्षेत्र और



ट्रक चालक इस कानून के संभावित प्रभावों को लेकर बेहद आशंकित है। पूरे देश में एक अनिश्चितता की स्थिति उत्पन्न हो गई है, यह एक भयावह स्तिथि के संकेत है फ्यूकी बिना ड्राइवरों के ट्रांसपोटज़ व्यवसाय ठप हो जाएगा और करोड़ों लोग जो इस व्यवसाय से जुड़े है उनके जीवन यापन पर संकट उत्पन्न होगा। हमारा परिवहन उद्योग और वाहन चालक हमारी अथज़्व्यवस्था के पहियों में महत्वपूर्णं भूनिका निभाते हैं। भारतीय न्याय संहिता के तहत थोपा गया कानून न केवल चालकों पर बल्कि ट्रांसपोर्ट व्यवसाय पर भारी बोझ डाल रहा है। खनूजा ने कहा की प्रस्तावित कानून हित धारकों, विशेष कर परिवहन क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ किसी परामर्श के बिना पेश किया गया है। यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि सीधे प्रभावित लोगो से जमीनी हकीकत जाने बिना कायाज़्वयन के दौरान अनपेक्षित परिणाम हो सकते हैं। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में ड्रायवर शामिल रहे।

### भोपाल इंदौर सहित अन्य मार्गों पर नहीं चले यात्री वाहन



**आष्टा**। सोमवार को ट्रक चलाको एवं बस चालको की हड़ताल रही इस दौरान भोपाल इंदौर हाईवे सहित अन्य मार्गों पर वाहन नहीं दिखाई दिए जगह-जगह ट्रैकों के पहिए हमें रहे इधर यात्री बसें भी इस हड़ताल में शामिल रही । शहर के बस स्टैंड पर दर्जनों बसें खड़ी रही लेकिन कोई भी बस किसी भी मार्ग पर नहीं चली। ड्राइवरो की हड़ताल का बडा असर क्षेत्र में भी देखने को मिला इंदौर भोपाल मार्ग पर आष्टा के कोठरी में ट्रको बीच सड़को पर किया खड़ा।अक्रोशीत वाहन चालकों ने बीच सड़क पर वाहन खड़े कर की आवाजाही बंद।आष्टा थाना प्रभारी पुष्पेंद राठौर ने कोठरी पहुंच कर संभाला मोर्चा, इंदौर भोपाल मार्ग पर शूरू करवाई आवाजाही, हड़ताल के चलते वाहन चालकों ने बीच सड़को पर ट्रक खड़े कर किया था रोड जाम। दरअसल हिट और रन कानून के विरोध में ट्रकों के साथ-साथ बस संचालको ने भी हड़ताल शुरू हो गई है देश भर में कई जगह ट्रक और बस ड्राइवर ने वाहन खड़े कर दिए हैं जहां के था वहां खड़े होने से कई जगह जाम का सामना करना पड़ रहा है। हिट एंड रन मामले में लागू नए कानून में 10 वर्ष की सजा और 7 लाख रुपया का जुर्माने का प्रावधान है। इस कानून के विरोध में ही देश भर में ड्राइवर संगठन सड़कों पर उतर आए हैं और ट्रक बस के पहिए थम गए हैं। शहर के ड्राइवर सोहन श्रीवास्तव, असलम भाई आदि ने बताया कि यह कानून ड्राइवर के लिए सही नहीं है सरकार को विचार करना चाहिए हम 10 साल की सजा एवं 7 साल का जुर्माना नहीं भर सकते सरकार को कानून लागू नहीं करना चाहिए।

### कोठरी में करीब एक घंटे तक रहा रोड जाम

**कोठरी**। इंदौर भोपाल राजमार्ग हुआ करीब एक घंटे तक बंद, ड्राइवर हड़ताल का असर कोठरी में भी देखने को मिल रहा है जहा गवाखेडा जोड (वीआईटीचौराहा) पर ट्रक को आड़े कर के रोड जाम कर दिया ,जिस से लंबी लंबी कतारें लग गई थी जिसे पुलिस प्रशासन द्वारा हटवाया गया, एसडीएम आनंद राजावत, एसडीओपी आकाश अम्लाकार, टी. आई पुष्पेंद्र राठोर, अमला चौकी प्रभारी अमला चौकी प्रभारी अविनाश भोपले भारी पुलिस बल के साथ हटवाया चक्का जाम, केंद्र सरकार ने नए कानून में सड़क हादसा होने पर ट्रक और टैंकर चालक को 10 साल की सजा का प्रावधान करने के बाद मध्य प्रदेश समेत देश भर के ट्रांसपोर्टर सड़कों पर उतर आए हैं, इंदौर भोपाल राजमार्ग गवा खेड़ाजोड़ कोठरी पर ड्राइवरो ने चक्का जाम कर दिया गया था जिसको पुलिस प्रशासन द्वारा हटवाया गया।

## ऑनलाइन व्यापार और शॉपिंग माल, डी-मार्ट, विशाल मेगा मार्ट के विरोध में व्यापार महासंघ ने सौंपा ज्ञापन

**सीहोर**। जिला मुख्यालय पर भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में व्यापार करने वाले व्यापारीगण का एक व्यापार महासंघ है, जिनमे थोक व्यापारी एवं खुदरा व्यापारी सम्मिलित है। जिनके द्वारा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश महोदय को सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया गया कि सीहोर नगर की कुल आबादी लगभग ढ़ेड-पोने दो लाख है। समस्त व्यापारीगण अपना-अपना व्यवसाय करने अपनी अजीविका का निर्वहन कर रहे है। परन्तु विगत कुछ दिनो से देखने मे आ रहा है कि ऑन लाईन व्यापार तथा बड़े-बडे व्यवसायिक माल सीहोर जैसे छोटे नगर में विद्यमान होते जा रहे जिनके कारण हम, जैसे नगर के व्यपारियों का व्यापार प्रभावित हो रहा है तथा सीहोर नगर व्यापार महासंघ के थोक एवं खुदरा व्यपारियों जिसमें मुख्य रूप से किराना, ग्रेंट- मर्चेन्ट, कपड़ा, सर्राफा, मेडिकल, इलेक्ट्रानिक वालो को व्यापार करने में असुविधा हो रही है और आर्थिक क्षति तो पहुँच ही रही है। परिणामस्वरूप समस्त व्यवसायियों में अत्यंत आक्रोश है। विदित है कि सीहोर नगर में बड़ा व्यवसायिक बाजार डी-मार्ट प्रस्तावित है जो यथाशीघ्र ही प्रारम्भ होने जा रहा है। डी-मार्ट एक ऐसा प्रतिष्ठान है जिसमें समस्त प्रकार का बाजार एक ही छत के नीचे उपलब्ध होता है और जो बल्क में माल खरीद कर विक्रय करता है। यदि ऐसा बाजार सीहोर जैसे छोटे शहर में प्रारम्भ होता है तो ऐसी स्थिति में सीहोर नगर के छोटे-छोटे खुदरा व्यापारी हो प्रतिदिन व्यवसाय कर दिन भर में प्राप्त होने वाली आमदानी से केवल और केवल मात्र अपना एवं अपने परिवार का भरण पौषण ही कर पाते है का व्यवसाय बुरी तरह से प्रभावित होकर पूरी तरह से नष्ट हो जावेगा, जब खुदरा व्यापारी ही नही रहेगा तो थोक व्यापारी की क्या बिसात रहेगी। फलस्वरूप डी-मार्ट जैसे व्यवसायिक प्रतिष्ठानो से ऐसी अपूर्णीय क्षति पहुँचेगी जिसकी पूर्ति भविष्य में असंभव रहेगी। ऐसी स्थिति में व्यापार महासंघ सीहोर मांग की है कि प्रस्तावित डी-मार्ट को प्रारम्भ नही होने दिया जावें। मांग करने वालों में प्रमुख रूप से अध्यक्ष हरीश राठौर, सचिव राजेश विजयवर्गीय, संरक्षक अखिलेश राय, उपाध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, सर्वेश समाधिया, प्रदीप शर्मा, विपिन सोनी, गोपाल मंत्री, प्रदीप बिजोरिया, उमेश शर्मा, मुकेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, अनिल सिंह, वरूण गौर, देवेश अग्रवाल, सहसचिव- नीलेश जयपुरिया, कोषाध्यक्ष नवनीत उपाध्याय, सह कोषाध्यक्ष- अर्पित जैन, मीडिया प्रभारी सुरेश शर्मा, सह मीडिया प्रभारी विपनेश जोशी, संगठन मंत्री प्रतुल राठौर सहित बड़ी संख्या में थोक एवं खुदरा व्यापारी शामिल हैं।



## स्कार्पियो पलटी, जिपं सदस्य के बेटे समेत दो की मौत, स्पीड इतनी कि पलटने के बाद 200 मीटर तक घिसटती गई गाड़ी

**सीहोर**। जिले में सड़क हादसे में जिला पंचायत सदस्य के बेटे समेत दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा जिले के भेरुदा क्षेत्र में हुआ। यहां तेज रफ्तार स्कॉर्पियो डिवाइडर को चीरती हुई निकली। हादसा इतना भीषण था कि गाड़ी पलटने के बाद लगभग 200 मीटर तक सड़क पर घिसट गई। घटना सड़क किनारे लगे सीसीटीवी कैमरे में कई हुई है।



भेरूंदा थाना प्रभारी गिरीश दुबे ने बताया कि हादसा रविवार रात करीब सवा बजे हुआ। भैरूंदा गोपालपुर रोड पर तेजगति से दौड़ रही स्कॉर्पियो पलटी है। गाड़ी सवार अभिषेक गुर्जर (24), राजेंद्र पंवार (25) की मौत हो गई। जबकि आकाश, शुभांशु, कैलाश गंभीरू पूर से घायल हो गए हैं। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया है।

**जिला पंचायत सदस्य के बेटे की मौत :** हादसे में राजेंद्र पटेल की भी जान गई है।

वह भेरूंदा क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य उमा ओम पटेल का छोटा बेटा है। रात में वे बोरखेड़ा गांव से वापस लौट रहे थे। अचानक गाड़ी अनियंत्रित हुई और पलटी खा गई।

### सड़क पर मवेशी छोड़ने पर होगी दंडात्मक कार्रवाई

**सीहोर**। सड़क पर पाये जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुँचा दिया जायेगा। ढुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। इस अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गोपालक अपने मवेशियों को सड़कों पर भटकने से बचाये और शासन-प्रशासन को सहयोग करें। पशुपालकों से अपील की है कि अपने गोवंश को सड़कों पर खुला न छोड़ें। नेशनल और स्टेट हाई-वे सहित ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र की सड़कों पर पालतू पशु भटक रहे हैं। सड़कों पर द्रुतगति वाहनों की चपेट में आकर न केवल ये घायल होते हैं बल्कि दुर्घटना में जन-धन और पशु सबकी हानि होती है।

### सीएमएचओ ने प्रशिक्षु प्राचार्यों और शिक्षकों को वितरित किए प्रमाण-पत्र

## छात्रों का समग्र कौशल बढ़ाने उमंग कार्यक्रम के तहत 217 प्राचार्य और 337 शिक्षकों को किया प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

उमंग स्कूल हेल्थ एण्ड वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत जिले भर के 217 प्राचार्य तथा 337 शिक्षको को प्रशिक्षित किया गया।प्राचार्य को 06 बेच में तथा शिक्षकों को 8 बेच में प्रशिक्षित किया गया। समापन अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुधीर कुमार डेहरिया ,द्वारा प्रशिक्षु प्राचार्य तथा शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।



प्रशिक्षण के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुधीर कुमार डेहरिया द्वारा जानकारी दी गई कि स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग तथा यूएनएफपीए द्वारा संयुक्त रूप से कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के किशोर-किशोरियों के सत्र आयोजित हेतु हेल्थ एण्ड वेलनेस एम्बेसेडर (आरोग्य दूत) के द्वारा उपयोग की जाने वाली मार्गदर्शिका के परिपालन में संपूर्ण जिले के हाईस्कूल, हॉयर सेकेण्डरी स्कूल के समस्त प्राचार्य एवं शिक्षकों को आयुष्मान भारत उमंग स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष सत्रों का आयोजन कर उमंग कार्यक्रम की जानकारी मास्टर ट्रेनर्स लक्ष्मी उपाध्याय, नरेन्द्र नामदेव, आकृति मिश्रा एवं राजकुमार मांझी, स्टेट मास्टर ट्रेनर्स भानू ठाकुर तथा नीलेश सिंधे द्वारा यह प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुधीर कुमार डेहरिया, जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर तथा डीपीसी आर.आर.उईके,डीपीएम डॉ.दीपक डेहारिया,आरबीएसके जिला प्रबंधक दीनू शर्मा ने प्रशिक्षण में उपस्थित प्राचार्य एवं शिक्षकों को इस सत्र के रिजल्ट को सुधारने हेतु पूरे मन और लगन से बच्चों को अध्यापन कराने हेतु अपील की । सीएमएचओ डॉ.डेहरिया ने विषय पर जानकारी दी कि प्रशिक्षण के अंतर्गत छात्र-छात्राओ अर्थात किशोरावस्था जीवन का व्यवहारिक ज्ञान व कौशल के साथ आज के परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों को इंटरनेट और कौशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देना (साईबर अपराधों से सुरक्षा) स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, तनाव प्रबंधन, प्रभावी संवाद, जेंडर संवेदीकरण,हिंसा और चोट के खिलाफ सुरक्षा, प्रजनन, स्वास्थ्य, हिंसा से बचाव, विषय, शिक्षक, और विद्यार्थी के लिए अत्यंत, महत्वपूर्ण हैं। साथ ही शिक्षक व विद्यार्थी इस कार्यक्रम से जुडकर विद्यार्थी अपना कैरियर बना सकेंगे कारण हमें एक स्वस्थ समाज का निर्माण करना उमंग प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य है।

## नव वर्ष पर पूर्व नपाध्यक्ष और समाजसेवी राकेश राय ने अनाज किया वितरित

**सीहोर**। शहर के वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व नपाध्यक्ष एवं समाजसेवी राकेश राय ने नए साल का स्वागत कर गरीबो को अनाज वितरित किया। अनाज वितरण कार्यक्रम मुख्य बाजार स्टेट बैंक के सामने स्थित कार्यालय पर किया गया। इस मौके पर करीब 5 क्विंटल से अधिक अनाज का वितरण श्री राय ने किया। वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व नपाध्यक्ष श्री राय पिछले करीब 25 से अधिक सालों से नए साल का स्वागत अपने विशेष अंदाज में करते हैं। श्री राय हर साल एक जनवरी को दोपहर बारह बजे गरीबों को अनाज का वितरण करते हैं। अनाज वितरण भिक्षा मांगने वालों को किया गया। पूर्व में श्री राय ने निर्धन विद्यार्थियों को कापी किताब कई बार वितरित किए। उनकी यह निस्वार्थ समाजसेवा पूरे साल जारी रहती है। इस मौके पर किसान नेता बहादुर सिंह दांगी, रवि धुत, एआर शेखमुंशी, महेन्द्र सिंह ठाकुर मनकी, धर्मेन्द्र यादव, पवन अरोरा, राजू विश्वकर्मा, राजेन्द्र नागर, पवन विश्वकर्मा और मनोज दीक्षित मामा सहित अन्य क्षेत्रवासियों शामिल थे। सोमवार की सुबह पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री राय ने सोमवार को शहर के खेड़ापति मंदिर सहित अन्य मंदिर में दर्शन कर अपने दिन की शुरूआत की थी।



खबर संक्षेप

## नयागांव में हुआ किसान संगोष्ठी का आयोजन




**रेहटी।** ग्राम नयागांव में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें नवभारत फर्टिलाइजर्स कंपनी द्वारा आयोजित किसान संगोष्ठी में भोपाल से आए कृषि सलाहकार डॉक्टर मुकेश कुमार गोयल ने बताया की रासायनिक खाद व कीटनाशक अपनाकर हमारी मिट्टी बंजर और उसकी उर्वरता क्षमता कम होती जा रही है जिससे लागत में ज्यादा खर्च और फसल की उपज गुणवत्ता पूर्ण प्राप्त नहीं हो रही है जिससे मनुष्य में शुगर ब्लड प्रेशर ब्लड प्रेशर हार्ट अटैक जैसे खतरनाक बीमारियां हो रही है इनसे बचने के लिए हमें जैविक खेती अर्थात प्राकृतिक खेती अपना कर हम अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं इस अवसर पर श्री नरेंद्र तिवारी सोनू गौड़ मुकेश पांडे लक्ष्मी नारायण लवंशी आदि किसान मौजूद रहे।

## पेंशनधारियों को फर्जी कॉल से बचने की सलाह

**सीहोर।** साइबर अपराधियों द्वारा पेंशनधारियों को जीवन प्रमाण-पत्र को ऑनलाइन अपडेट करने के संबंध में की जाने वाली फर्जी कॉल से बचाव की सलाह दी है। पेंशनधारक का पूरा डाटा, नियुक्ति दिनांक, पीपीओ नम्बर, आधार नम्बर, सेवानिवृत्ति तिथि जैसी सभी जानकारी उपलब्ध होने के कारण पेंशनधारकों को ऑनलाइन अपडेशन के संबंध में भरोसा दिया जाता है। वर्तमान में साइबर अपराधियों द्वारा पेंशन निदेशालय का हवाला देकर पेंशनरों को पूरा डाटा जीवन प्रमाण-पत्र अपडेट करने के लिए ओटीपी साझा करने की बात प्रकाश में आई है ।

### धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर लोगों ने नववर्ष के पहले दिन की पूजा-अर्चना, सुख-समृद्धि की कामना

# चिंतामन गणेश मंदिर, कुबेरेश्वरधाम, सलकनपुर और पचामा में माता मंदिर पर श्रद्धालुओं ने टेका माथा

गणेश मंदिर पर करीब आधा किमी लंबी कतार लगी रही, वहीं कुबेरेश्वरधाम में भी हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं पहुंचे। पचामा स्थित माता मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





नववर्ष का आगाज प्रसिद्ध भगवान गणेश विघ्नहर्ता के दरबार मे कामना से शुरू हुआ। नव वर्ष के आगाज के लिए सोमवार को सुबह से ही चिंतामन गणेश मंदिर में भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था। भीड़ इतनी थी कि मंदिर परिसर के बाहर तक श्रद्धालुओं की आधा किमी लंबी कतार लगी हुई थी। लोगों का दो तीन घंटे के इंतजार के बाद दर्शनों का नंबर आ रहा था।

सुबह से मंदिर प्रांगण में इसी तरह की भीड़ देखी गई। बप्पा के दर्शन करने के लिए सीहोर सहित भोपाल, इंदौर, शाजापुर, राजगढ़, नरसिंहगढ़, देवास और विदिशा जिले के श्रद्धालु गणेश मंदिर पहुंचे। इस मौके पर चिंतामन गणेश का विशेष श्रृंगार भी किया गया था। इस मौके पर दोपहर बारह बजे हर साल की तरह इस साल भी भगवान गणेश की आरती का आयोजन किया गया। लोगों ने नए साल का स्वागत प्रसिद्घ धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर श्रद्घा और भक्ति के साथ किया। प्रसिद्घ चिंतामन गणेश मंदिर और विजयासन सलकपुर धाम सहित मरीह माता मंदिर पर पहुंचकर लोगों ने माथा टेका। जिले के धार्मिक स्थानों पर भारी भीड़ रही। आलम यह था कि लोगों को लंबी-लंबी कतारों में लगकर दर्शन करने पड़े। वहीं कई जगह जाम की स्थिति बनी रही। ज्ञात रहे कि प्रसिद्ध गणेश मंदिर के पूरे भारत में प्रसिद्ध है। भारत में विघ्नहर्ता भगवान गणेश की ऐसी चार ही प्रतिमा है, इनमें से एक सीहोर में है। इसके चलते यहां सीहोर के अलावा प्रदेश के काफी स्थानों से भक्तों का आना-जाना लगा रहता है, वहीं नववर्ष के शुभारंभ पर भी बड़ी संख्या में यहां भक्त पहुंचते हैं।

### इंदौर-भोपाल राजमार्ग पर लगा सद्भावना का मेला

नववर्ष के शुभारंभ अवसर पर पुराने इंदौर-भोपाल राजमार्ग पचामा के पास स्थित जिनवाले बाबा और माता रानी के दरबार में सुबह से सद्भावना का मेला लगा हुआ था। हिन्दू और मुस्लिम संप्रदाय के लोग सुबह से मत्था टेककर आर्शीवाद लेने पहुंचना शुरू हो गए थे। मातारानी के दरबार में नए साल के आगाज में हवन का आयोजन कर प्रसादी का भी वितरण किया गया।

हर साल की तरह इस साल यहां पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों बड़ी संख्या में पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की।इसके चलते यहां मेले सा दृश्य बना रहा। बड़ी संख्या में यहां भक्तों ने पूजा अर्चना की और बाबा की मजार पर मत्था टेका। बड़ी संख्या में सुबह से ही यहां काफी का तांता लगा रहा। बड़ी संख्या में भक्तों के यहां पहुचने के कारण पुलिस बल भी मौजूद था।

### हर रोज हजारों की संख्या में आ रहे श्रद्धालु नए साल में श्रद्धालुओं का लगा तांता

जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में हर रोज हजारों की संख्या में श्रद्धालु आ रहे है। सोमवार नव वर्ष पर सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच गए थे। सोमवार को नये वर्ष 2024 के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की दृष्टिगत यहां पर श्रद्धालुओं को कोई असुविधा नहीं हो इसके लिए भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के निर्देशानुसार प्रशासन और समिति ने व्यवस्था की है। यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को भोजन-पेयजल सहित अन्य के इंतजाम भी किए गए है। इस संबंध में जानकारी देते हुए समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि कुबेरेश्वरधाम पर आने वाले श्रद्धालुओ का दर्शन पूजन कर कुशलता से अपने गंतव्य को रवाना हो इसके लिए पुलिस प्रशासन सतर्क था। मंदिर में प्रवेश करने वाले वाहनों के लिए पार्किंग आदि की व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा मंदिर परिसर के अंदर बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई थी। सोमवार को नए साल के प्रथम दिवस को लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। श्रद्धालुओं को सुगमता पूर्वक दर्शन हो सके इसके लिए इंतजाम किए गए थे।



## गणेश मंदिर रोड के किनारे अतिक्रमण पर चला जेसीबी का पंजा





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सोमवार को शासन के आदेश के बाद नगर पालिका अमला एक्शन में आ गया है और नए साल के पहले ही दिन शहर के नदी चौराहे से पान चौराहे और शुगर फैक्ट्री से प्राचीन गणेश मंदिर तक करीब एक दर्जन से अधिक अतिक्रमण कर रखी गुमठियों को हटाया गया है। नगर पालिका अतिक्रमण हटाओ मुहिम शुरू कर दी है। अमले ने जेसीबी की मदद से हटाया और यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। प्राचीन गणेश मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने अतिक्रमण की स्थिति देखी। देखते ही देखते जेसीबी मशीन से यहां लोगों के अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई की गई। गणेश मंदिर तक सड़क के दोनों ओर लोगों के अवैध कब्जे हटवाए। इसके साथ ही यहां पूजा-सामग्री व प्रसाद की दुकानों को करीब 10-10 फीट पीछे करवाया, ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी न हो और मंदिर के आसपास जगह खुली हुई नजर आए। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों भी गणेश मंदिर के आसपास क्षेत्र में अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाई गई थी। सोमवार को नगर पालिका के सहायक इंजीनियर रमेश वर्मा के मार्गदर्शन में शासन के आदेशानुसार अतिक्रमण हटाओ मुहिम चलाई जा रही है। नालियों के ऊपर रखी गुमठियों और सामान को अब नगर पालिका का अमला नए साल के पहले दिन से सख्ती में आ गया है। नियम तोडऩे पर नगर पालिका 500 से 10 हजार तक का जुर्माना भी करेगी। इसके बाद नगर पालिका पूरे शहर में मुनादी कराई थी। इसमें कहा जा रहा है कि जिन लोगों का भी शासकीय जमीन पर अतिक्रमण है वह खुद ही इसे हटा लें अन्यथा उसे सख्ती से हटा दिया जाएगा। अतिक्रमण हटाओ मुहिम में नालियों के ऊपर रखे सामान को जब्त कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जुर्माना भी लगाया जाएगा। शासन के आदेश के बाद नगर पालिका ने यह तय किया है कि इस जुर्माने की राशि कम से कम 500 रुपए और अधिकतम 10 हजार तक रहेगी। पहले मुनादी कराई जा रही है ताकि सभी लोग अपने अतिक्रमण खुद ही हटा लें नहीं हटाने पर अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस समय सड़कों पर काफी भीड़ हो रही है। त्योहारों के समय तो और अधिक परेशानी शुरू हो जाती है। उस समय तो बाजारों में पैदल चलने में भी कठिनाई होती है। सबसे अधिक समस्या सड़कों के दोनों तरफ दुकानदारों द्वारा रखे सामान से होती है। इसी तरह दोपहिया वाहनों और हाथ ठेलों से भी परेशानी और बढ़ जाती है।

## समग्र पोर्टल में आधार ई-केवाईसी अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समग्र पोर्टल नागरिकों की आधार ई-केवायसी की कार्यवाही की जा रही है।

## डिप्टी सीएम ने किए गजानन के दर्शन बोले- भगवान से मप्र विकास की ऊंचाइयों पर पहुंचे, इसके लिए कामना की है



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल सोमवार को सीहोर पहुंचे। नए साल पर उन्होंने शहर के प्राचीन गणेश मंदिर में पूजा अर्चना की। प्रदेश की खुशहाली समृद्धि की कामना की। डिप्टी सीएम ने कहा कि नए साल पर मंदिर में पूजा करता हूं। प्रार्थना की है कि मप्र विकास की ऊंचाइयों पर पहुंचे, भगवान गणेश अपनी कृपा बरसाएं। एमपी में ड्राइवरों की हड़ताल और प्रदर्शन को लेकर कहा कि बातचीत करके हल निकाला जाएगा। सबसे बेहतर क्षेत्र बनने की विंध्य में अपार संभावनाएं हैं। विंध्य में धार्मिक पर्यटन है, जंगल है कोयला है, सभी कुछ है। स्मृद्धिशाली इलाका बनने की तमाम संभावनाएं हैं।

### हाउसिंग बोर्ड के तत्वावधान में चल रही रामायण कथा

# कथा के द्वितीय दिवस हुआ भगवान शिव का विवाहोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



तुलसी मानस महिला रामायण मंडल होउसिंग बोर्ड के तत्वाधान में आयोजित श्री राम कथा के द्वितीय दिवस में ज्योतिष एवं भागवत सिंधु आचार्य पंडित हर्षित शास्त्री महाराज ने भगवान श्रीराम की कथा सुनाते हुए कहा मानस में चार घाट हैं। जिसमें प्रत्येक घाट पर एक वक्त है और एक श्रोता है शरणागति घाट पर गोस्वामी तुलसीदास जी वक्ता है और श्रोता गंगा जी की धारा है।

कथा शरणागति घाट से अब कर्मकांड घाट पर पहुंच रही है। जहां पर याज्ञवल्क्य जी महाराज ने भारद्वाज जी के प्रश्न पूछने पर भाव प्रकट किया है। प्रयागराज में माघ मेले के अवसर पर सभी साधु संत महात्मा पधारे जहां पर भारद्वाज भी पधारे माघ मेले की समाप्ति के बाद सब जाने लगे उस समय भारद्वाज जी ने याज्ञवल्क्य जी के चरणों को पकड़ लिया और पूछा हे महाराज हमारे मन में एक प्रश्न है यह राम कौन है हम जिस राम को जानते हैं। उस राम ने तो रावण का वध किया है वह दशरथ नंदन राम है मेरे मन में संशय है जिस राम को मैं जानता हूं क्या भगवान शिव भी उसी का भजन करते हैं या वह कोई और राम है इस बात को सुनकर के याज्ञवल्क्य जी ने कहा भारद्वाज जी आप अति बुद्धिमानी है परंतु फिर भी आप भगवान राम की गुण कथा को सुनना चाहते हैं। इसलिए ऐसा प्रश्न किया है मैं आपको कथा सुनाता हूं कथा सुनाने से पूर्व याज्ञवल्क्य ने विचार किया कि पहले पता लगा लें कि भारद्वाज जी कथा के अधिकारी है भी या नहीं तब उन्होंने प्रश्न के विपरीत कोई दूसरी कथा सुनाना प्रारंभ कर दिया जीवन में जो व्यक्ति भगवान के विषय में प्रश्न करें उसे जो सत्संग लाभ प्राप्त हो वही अधिकार को प्राप्त कर सकता है। इस संबंध में यज्ञ वर्क जी ने भारद्वाज जी को वह चरित्र सुनाया जब अगस्त ऋषि के पास भगवान शिव और माता सती कथा सुनने के लिए पधारे अगस्त ऋषि ने भगवान को देखा जो ही भगवान के चरणों में दंडवत करने लगे यह देखकर माता सती विचार करने लगी हम तो कथा सुनाने आए हैं। हमें तो अगस्त ऋषि के चरणों में प्रणाम करना चाहिए परंतु अगस्त ऋषि उल्टा हमारे ही चरणों में प्रणाम कर रहे हैं। इस बात को विचार करके सती के मन में मोह आ गया और महारानी सती विचार करने लगी यह अगस्त ऋषि हमें क्या ही कथा सुनाएंगे कथा पूर्ण हुई भगवान ने कथा को श्रवण किया और विचार करने वालों की भगवान राम की कथा तो सुन ली परंतु भगवान राम का दर्शन और हो जाए तो अति सुंदर तभी भगवान ने लीला करी और भगवान राम सीता हरण के उपरांत माता सीता को ढूंढने लगे तभी माता सती ने कहा की राम भगवान नहीं हो सकते यदि भगवान होते तो अपने संकल्प से रावण को मार देते पत्नी के लिए इस प्रकार रोते नहीं भगवान शिव ने कहा जाकर के परीक्षा लो तब महारानी सती ने विचार किया परीक्षा कैसे लें श्री माता सीता के स्वरूप को धारण कर लिया और उस स्थान पर पहुंच गए जिस स्थान पर राम जी व्याकुल होकर सीता जी को ढूंढ रहे थे। तब राम जी एक दृष्टि में ही सती महारानी को पहचान गए और राम जी की परीक्षा ले करके जब माता सती भगवान शिव के पास गए।

भगवान शिव ने अपने ध्यान से देख लिया कर माता सती ने उनकी आराध्य माता सीता का स्वरूप बनाया सोई सती का भगवान शिव ने परित्याग कर दिया और माता सती को अपनी माता के रूप में ही देखने लगे किधर भगवान शिव ने माता सती को हरि कथा सुनाना प्रारंभ किया। उधर दक्ष को प्रजापति के आसन पर विराजमान किया जहां पर एक बार दक्ष प्रजापति ने भगवान शिव को उलाहना देना प्रारंभ किया उस समय दक्ष ने भगवान शिव को घोषणा करी के कोई भी भगवान शिव को यज्ञ में भाग नहीं देगा कनखल में यज्ञ आयोजित किया गया सभी देवी देवताओं को बुलाया गया परंतु कहीं पर भी भगवान शिव को कोई निमंत्रण नहीं दिया गया। इधर माता सती ने उस यज्ञ में जाने की जिद करे भगवान ने समझाया पर माता सती नहीं समझी तब माता सती जब गई सभी देवी देवताओं के लिए स्थान सा भगवान शिव के लिए कोई स्थान नहीं देख कर के विलाप करने लगी और उस ज्वलंत अग्निकुंड में ही जाकर के विराज गई। भगवान को क्रोध आया भगवान ने वीरभद्र को प्रकट किया वीरभद्र ने जाकर के यज्ञ को विध्वंस किया सभी देवी देवता भगवान शिव के पास पधारे भगवान शिव ने वीरभद्र को शांत किया के कटे हुए सर को भगवान ने देखा तो भगवान को करुणा आ गई और भगवान ने अपने पार्षदों से कहा मार्ग में जो भी पहला जी मिले उसका सर ले आओ तब मार्ग में सबसे पहले एक बकरा मिला उसका सरला करके लगाया गया। वही माता सती जब पुनर्जन्म हुआ तो वह हिमालय पुत्री मैना पुत्री के यहां पार्वती के रूप में प्रकट हुए जहां पर बालिका से ही माता पार्वती भगवान शिव की आराधना करने लगी समय बिता भगवान शिव आराधना में विराज गए 87000 वर्ष तक भगवान शिव ने तपस्या करी इधर माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए तपस्या करें तारकासुर नाम किया सुनने ब्रह्मा जी को प्रसन्न करके वरदान मांगा के हमारा वध यदि हो तो भगवान शिव के पुत्र से ही हो इसलिए देवताओं ने विचार किया भगवान की तपस्या को भांग करें, तब कामदेव आए और कामदेव ने भगवान शिव को तपस्या से मोह भंग करना चाहा तब भगवान शिव की क्रोध अग्नि में जल करके कामदेव भस्म हो गए रति ने विलाप किया।

## बॉडी बिल्डरों ने सोना जीत दी सीहोर को नववर्ष की सौगात



**सीहोर।** राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप इन्दौर में आयोजित हुई, जिसमें प्रदेश भर से बॉडी बिल्डरों ने अपना-अपना दम दिखाया। अन्तराष्ट्रीय बॉडी बिल्डर एवं कौच जुबेर कुरेशी ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में नगर के बॉडी बिल्डर खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया।

जिसमें ऋषभ यादव ने सिनियर गुरप में 70 किग्रा वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया, वहीं मो.अलमास ने भी जुनियर ग्रुप में 60 किग्रा वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल कर नगर को गौरवान्वित किया। इन दोनों होनहार खिलाडिय़ो को वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय ने शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि यदि हौसला बुलंद हो तो मंजिला हासिल हो ही जाती है। इनकी इस उपलब्धि पर बधाई व शुभकामनाऐं देने वालों में प्रमुख रूप से विधायक सुदेश राय, शंकर जायसवाल, कौच जुबेर कुरेशी, जितेन्द्र यादव, अतुल राय, निरंजन सिंह सौलंकी, अनीस खान, अमित शर्मा, गणेश चौरसिया, रविन्द्र सिंह चौहान, मनोज दिक्षित मामा, जुनेद अली, जितेन्द्र महेश्वरी, यश डेविड, विकास परमार, नीरज वर्मा, प्रेम राय आदि प्रमुख है।

## जिले भर में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा



**सीहोर।** प्रदेश के साथ ही जिलेभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में यात्रा के दौरान कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें है और पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। आज आयोजित यात्रा के दौरान जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए।

इस दौरान हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए जा रहे है और अनेक विभागों द्वारा लगाए जा रहे शिविरों में हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इस दौरान सांस्तिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे है। विकसित भारत संकल्प यात्रा 01 जनवरी को ग्राम गाड़िया, सांकल बोरघाटी, फूडरा, इटावा खुर्द, पिपलानी सहित अनेक पंचायातों में निकाली गई।

प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को लेकर हितग्राही मूलक योजना के हितग्राहियों को लाभ वितरण किया

# नगर के सर्वांगींण विकास में सरकार पूरा सहयोग करेगी : मंत्री टेटवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭सारंगपुर



भारत सरकार द्वारा देश में भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही हैं जिसमें भारत सरकार एवं राज्यों की सभी हितग्राही मूलक योजना के लाभान्वित पात्र व्यक्तियों को दी जाने वाली योजनाओं का प्रचार प्रसार के साथ छूटे हुए सभी पात्र हितग्राहियों को समुचित लाभ मिले इसके लिए गांव गांव शहर शहर भारत संकल्प रथ यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा में राजनेतिक दल के पदाधिकारी विधायक,मंत्री प्रशासनिक अधिकारी एक मंच पर उपस्थित होकर योजना का क्रियान्वन कर रहे हैं।

इसी के तहत मध्य प्रदेश में डबल इंजन की सरकार मोदी की गारंटी की गारंटी को लेकर सभी जगह संकल्प यात्रा निकाल रहे हैं। इसी क्रम में सारंगपुर विकास खंड के गावों में संकल्प यात्रा जारी है। वहीं दूसरी और नगर के नागरिकों को भी संकल्प यात्रा के माध्यम से जोड़ा जा रहा है। रविवार को नगर पालिका सारंगपुर द्वारा हितग्राही सम्मेलन आयोजित किया। जिसमें सभी पात्र एवं लाभान्वित हितग्राहियों का समावेश किया गया। नगर पालिका परिषद ने संकल्प यात्रा का शुभारंभ। स्थानीय विधायक एवं राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने दीप प्रज्वलित किया। इस दौरान सभी पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का प्रमाण पत्र वितरण किया इसके पूर्व मंत्री टेटवाल ने नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल की विकास योजनाओं के मांग पत्र पर बोलते हुए कहा की नगर का सर्वांगीण विकास करने में सरकार पूरा सहयोग करेंगी धन की कोई कमी आड़े नहीं आयेगी जो मांग पत्र आया है उसकी डीपीआर तैयार करो जल्दी ही सभी कामों की राशि आवंटित की जाएगी। इस दौरान पंचमुखी हनुमान मंदिर की बाउंड्री वॉल एवं अन्य कार्य के लिए विधायक निधि से पांच लाख देने की घोषणा की इतना ही नहीं मंच से उपस्थिति सभी नागरिकों एवं हितग्राहियों से आह्वान किया कि सरकार की सभी योजना समानता के साथ पात्र लोगों को दी जाएगी। इस दौरान उपस्थित सभी कर्मचारियों से कहा की अपने अपने विभाग की सभी जनकल्याणकारी योजना का क्रियान्वन समय पर करें।

## हर योजना का होगा हिसाब-किताब

भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ के बाद मंच से राज्यमंत्री टेटवाल नगर पालिका के माध्यम से दी जाने वाली सभी योजना सहित उज्जवला योजना पीएम विश्वकर्मा योजना,आयुष्मान प्रधानमंत्री आवास सहित भारत सरकार की सभी हितग्राही मूलक योजना का धरातल पर पात्र लोगो को लाभ मिलना सुनिश्चित करें। हर योजना की समीक्षा के साथ हिसाब किताब भी लिया जाएगा।

### भूमिहीनों को पट्टा दें

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा घोषणा की गई हैं की आवास हीन व्यक्ति को आवास और तथा जिनके पास आवास की भूमि नही हो उनको आवास पट्टा देकर प्रधानमंत्री योजना का लाभ दे पट्टा वितरण की सभी कार्यवाही 15 दिनों में पूर्ण करें। 26 जनवरी तक संकल्प यात्रा चलेगी।इस दौरान सभी लोगों को चिन्हित कर कार्यवाही पूर्ण करें।भारत संकल्प यात्रा में अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को लाभ दिया जाना सुनिश्चित किया जाए।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातो को दोहराते हुए मंत्री टेटवाल ने कहा की अयोध्या का रेलवे स्टेशन बाल्मिकी जी के नाम से किया गया है। तो हमें भी उनसे प्रेरणा लेकर जनहित का कार्य करें। इस दौरान भारत संकल्प यात्रा के जिला प्रभारी निर्मल जैन ने संकल्प यात्रा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर नगर पालिका पार्षद सहित प्रशासनिक अमला उपस्थिति रहा।

बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी

# शास्त्री स्कूल का 47 वां वार्षिक उत्सव हुआ आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭सारंगपुर

सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से दूर रहते हुए शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए अपना और अपने माता-पिता गुरुजन का नाम रोशन करें सोशल मीडिया का उपयोग कम से कम करें। उक्त वक्तव्य स्थानीय संस्था शास्त्री स्मृति उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर सारंगपुर के 47 वे वार्षिक उत्सव एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि माखन सिंह यादव नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक के पूर्व आर एम ने कहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास खंड शिक्षा अधिकारी बी एल सूर्यवंशी ने की। विशेष अतिथि के रूप में श्री कपिलेश्वर गौशाला सेवा समिति के सचिव वरिष्ठ व्यवसायी एवं ओमप्रकाश राठी,नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार ओम पुष्पद, बीआरसी बीएल वर्मा, नरसिंह लाल शर्मा, रहे सभी अतिथि गणों का स्वागत संस्था के प्रबंधक रमेश चंद्र जोशी ने बैज एवं माला पहनाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई एवं एवं वर्ष भर चलने वाली स्कूल की गतिविधियों में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया । संस्थामें अंग्रेजी माध्यम में भी शिक्षा दी जाती है अंग्रेजी माध्यम ने भी अपना वार्षिक उत्सव एवं पारितोषिक वितरण का कार्यक्रम मनाया जिसमें कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सुमिता विजयवर्गीय प्रबंधक सिल्वर बेस स्कूल सारंगपुर एवं अध्यक्षता श्रीमती अंजलि प्रदीप जोशी (मेम्ब्रे इटरनेशनल लायंस क्लब) ने की संस्था की प्राचार्या डॉ. दिव्या अतुल जोशी ने अतिथियों का बैज लगाकर एवं पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया, इस अवसर पर आदि स्टाफ पालक गण,बच्चे उपस्थित रहेद्ध कार्यक्रम का संचालन संस्था शिक्षक आनंद जोशी ने किया आभार अतुल जोशी ने माना।

अनिश्चितकालीन हड़ताल चालक

# वाहन चालकों ने दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭सारंगपुर

लगातार हो रही दुर्घटना को लेकर वाहन चालकों के विरोध में कानून बनाया गया इससे सभी वाहन चालक नाराज हैं। कानून में कई प्रकार की त्रुटियां एवं पारदर्शिता का बड़ा अभाव होने के कारण देश भर के ड्राईवर भयवित हैं। इसको लेकर नए वर्ष एक जनवरी से सभी वाहन चालक हड़ताल पर चले गए हैं।

इसी को लेकर रविवार को यूनियन की और से अनुविभागीय अधिकारी संजय उपाध्याय को एक ज्ञापन भी दिया गया। ज्ञापन देने वालों में ड्राईवर यूनियन अध्यक्ष शाबीर खान, माखन वर्मा, सुनील वर्मा, पवन पुष्पद, जीतू फुलेरिया, संजय वर्मा, धर्मेंद्र राठौर,अजय धनगर सहित ड्राईवर मोजूद थे।

# भारत विकसित संकल्प यात्राः भाजपा सरकार में समस्त योजनाओं का खुलता रहेगा पिटाराः विधायक दांगी

हरिभूमि न्यूज ⏭छापीहेड़ा



शनिवार दोपहर अटल चौक तालाब परिसर पर भारत विकसित यात्रा के तहत कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें हितग्राहियों के 85 आवेदन प्राप्त हुए जिन्हें सभी संबंधित अधिकारियों के मार्गदर्शन में लाते हुए त्वरित निराकरण के लिए सांझा किए गए। इसके साथ साथ उज्वला योजना अंतर्गत 30 हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास के 15 प्रमाण पत्र एवं पीएम स्वनिधि के 10 प्रमाण पत्र तथा स्वरोजगार के पांच प्रमाण पत्र वितरण किए गए। इसके साथ-साथ केंद्र कि मोदी सरकार तथा मध्य प्रदेश की मोहन सरकार की बहुमूल्य योजनाओं को विस्तार पूर्वक खिलचीपुर विधानसभा 163 के नवनिर्वाचित विधायक हजारीलाल दांगी ने बखान कर बताया साथ-साथ यह भी कहा कांग्रेस सरकार के समय इतनी योजनाओं का लाभ निचले स्तर के छोटे-छोटे हितग्राहियों तक नहीं पहुंच सका परंतु भाजपा सरकार बड़े विस्तार पूर्वक निचले स्तर तक हर योजना का लाभ हितग्राहियों को पहुंचने में सक्षम है तथा हमारा उद्देश्य हर गरीब तक हर एक योजनाओं का लाभ बड़ी सरलता के साथ मिलता रहे अटल चौक तालाब परिसर पर जानकारियां दी गई। जिसमें नायब तहसीलदार शैलजा मिश्रा मेडिकल ऑफिसर मोहित गुप्ता सीएमओ हरिओम शर्मा नपा अध्यक्ष देव बाई खटीक वरिष्ठ कार्यकर्ता गोपाल कृष्ण गुप्ता मोहनलाल जायसवाल मंडल अध्यक्ष निर्मल गुप्ता मंडल महामंत्री स्वदेश शर्मा मंडल महामंत्री रामबाबू नागर कैलाश पाटीदार पार्षद बद्रीलाल रजक पार्षद प्रतिनिधि नीरज सेठिया प्रवीण खटीक नंदकिशोर धाकड़ फोटोग्राफर ब्रज कुशवाह आदि समस्त विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# शिकायतों के निराकरण में किया बेहतर काम कलेक्टर कन्याल ने किया सम्मानित



**कालापीपल**। कार्यों की समीक्षा के आधार पर माह नवम्बर 2023 में सीएम हेल्प लाईन में शिकायतों के निराकरण में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 3 विभाग एवं माह दिसम्बर 2023 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 01 शासकीय सेवकों को कलेक्टर कन्याल ने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। माह नवम्बर 2023 में सीएम हेल्प लाईन में शिकायतों के निराकरण में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 03 विभाग में राजस्व विभाग तहसीलदार कालापीपल कैलाश सस्त्या, नगरपालिका शाजापुर मुख्य नगर पालिका अधिकारी डॉ. मधु सक्सेना, ऊर्जा विभाग विद्युत वितरण केन्द्र अरनियाकलां कनिष्ठ यंत्री अंकित श्रीवास्तव तथा माह दिसम्बर 2023 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों में जिला कोषालय सहायक ग्रेड-03 श्री आरिफ खान को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिले के 10 शहीद सैनिक परिवारों का भी शाल-श्रीफल देकर किया सम्मान

# शहीद मनोज वर्मा के शौर्य स्मारक का विधायक ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कालापीपल

रविवार को अरनिया कला के सरपंच रजनी कमल चंद्रवंशी एवं एक्स सर्विसमैन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा निर्मित बलिदानी सैनिक मनोज वर्मा के शौर्य स्मारक का लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक घनश्याम चंद्रवंशी उपस्थित रहे।क्षेत्रीय विधायक घनश्याम चन्द्रवंशी सहित सभी उपस्थित जनो ने प.रवि शंकर शुक्ल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में बने शहीद स्मारक श्रद्धांजलि अर्पित की तथा बलिदानी सैनिक स्वर्गीय मनोज वर्मा के पिता तुलसीदास वर्मा एवं उनके पांच साल के एकमात्र पुत्र यथर्व वर्मा को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया तथा विधायक चन्द्रवंशी ने अपने उद्बोधन में उन्हें हर प्रकार की सहायता का भरोसा दिया। आयोजन में इंदौर, देवास ,सीहोर, हरदा, खातेगांव, भोपाल, शुजालपुर, कालापीपल, उज्जैन के सैनिकों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। समिति के प्रदेश संरक्षक कैप्टन से रावत ने भी उद्बोधन दिया। एवं शौर्य स्मारक निर्माण हेतु ग्राम सरपंच एवं समिति को धन्यवाद दिया। समिति द्वारा शाजापुर जिले के 10 शहीद सैनिक परिवारों का भी सम्मान शाल श्रीफल एवं उपहार भेंट कर किया। देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले प्रत्येक सैनिक को राज्य सरकार की सेवाओं में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जानी चाहिए। इस आशय का ज्ञापन पत्र मुख्यमंत्री के नाम समिति द्वारा विधायक श्री चन्द्रवंशी को सौंपा गया एवं शासन तक सैनिकों की बात पहुंचाने का आग्रह किया गया ' तथा कहा कि अभी तक शाजापुर जिले के किसी सैनिक परिवार को अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त नहीं हुई है जो की चिंता का विषय है। इस अवसर पर लगभग 200 पूर्व सैनिक अपने साथी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे।




# कैबिनेट मंत्री राजपूत का जगह-जगह किया स्वागत



**कस्वा बागरोद**। मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का भोपाल से सागर जाते समय जगह जगह स्वागत किया। इसी क्रम मे ग्राम बागरोद में कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। गौरतलब है कि मंत्री पद की शपथ लेने के बाद पहली बार गोविंद सिंह अपनी विधानसभा सुर्खी में पहुंचे है। स्वागत में भाजपा वरिष्ठ नेता शैलेंद्र श्रीवास्तव निवोदिया, जनपद सदस्य अनिल शर्मा, वरिष्ठ नेता त्रिलोक सिंह दांगी, कैलाश नारायण विश्वकर्मा, कमलसिंह पटेल, अमित कुशमिया, कृष्णकांत कुर्मी, अजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामेश्वर चिड़ार मौजूद रहे।

# पुलिस ने वाहनों की चेकिंग कर की चलानी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭खिलचीपुर

एसपी धर्मराज मीणा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में संपूर्ण जिला राजगढ़ मे संचालित होने वाली यात्री बसों व वाहनो की जांच व चैंकिग की जा रही है। इस दौरान खिलचीपुर क्षेत्र अन्तर्गत थाना प्रभारी प्रभात गौड़ पुलिस बल के साथ और तहसीलदार सोनू गुप्ता सहित अमले के साथ खिलचीपुर मण्डी रोड पर वाहनों की चैकिंग एवं जांच कर विभिन्न प्रकारी के यात्री वाहनों के दस्तावेज जैसे परमीट, बीमा, फिटनेस, लायसेंस, फस्ट एड बॉक्स, ओवर लोडिंग, ओवर स्पीड, अग्नि शमन यंत्र, आदि की चैंकिग की गई और बसों के चालक दृ परिचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये व बस मे समस्त वैध दस्तावेज रखने व क्षमता से अधिक यात्रीयों का परिवहन नही करने की समझाईश दी गई। साथ ही थाना क्षेत्रांतर्गत सघन जांच व चैकिंग मे बस संचालकों बसों को दुरुस्त रखने व सभी वैध दस्तावेज साथ रखने, ओव्हर लोड नही चलाने व बस मे आवश्यक सुरक्षा उपकरण रखने आदि सम्बधी समझाईश दी साथ ही उन्हे बताया गया की सभी अपनी बसो के ड्रायवरों ध्चालकों को हिदायत दे की बसो की गति नियत्रण मे रखे और ओव्हर स्पीड न करें अपनी और यात्रीयों की सुरक्षा का दायित्व आपका है। इस दौरानचैकिंग नियमों का उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध 6 चालान में 7500 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई।

गोष्ठी का आयोजन कर यज्ञ की रूपरेखा के संदर्भ में की गई चर्चा

# मातृशक्ति अखंड दीप श्रद्धा संवर्धन यात्रा व 24 कुंडली राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ 17 से 20 फरवरी को सारंगपुर में

हरिभूमि न्यूज ⏭सारंगपुर




अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में शांतिकुंज हरिद्वार के विद्वानों द्वारा राष्ट्रीय एकता प्राणी मात्र के कल्याण एवं विश्व शांति के लिए 24 कुंडी गायत्री यज्ञ 17 से 20 फरवरी को सारंगपुर में किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए डा के के मिश्रा ने बताया कीयुग ऋषि वेद मूर्ति तो पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य प्रातः स्मरणीय माता भगवती देवी शर्मा के संकल्प में भव्य एवं दिव्या यज्ञ आयोजन संपन्न होना है। इसके लिए 18 जनवरी को यज्ञ स्थल पर भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण का आयोजन होगा भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण के आयोजन में आसपास के नगर एवं क्षेत्र अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहेंगे मानव में देवता का उदय धरती पर स्वर्ग के अवतरण की इस महत्वाकांक्षी योजना विचार क्रांति अभियान के सहभागी बने।

इस आयोजन को लेकर रविवार को गायत्री मंदिर परिसर जगदीश परमार कालापीपल केसर सिंह परमार बुलढाणा डॉक्टर आप पवार पचोर शिवनारायण कारपेंटर सत्यराज शर्मा की उपस्थिति में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें यज्ञ की रूपरेखा के संदर्भ में चर्चा हुई है और यज्ञ आयोजन में 551 बहनों की कलश यात्रा के दौरान भारतीय संस्कृति सनातन संस्कृति में होने वाले समस्त संस्कारों का यज्ञशाला में संस्कार संपन्न कराए जाएंगे। जिसमे नामकरण संस्कार अन्नप्राशन संस्कार जन्मदिन विवाह दिवस एवं विवाह संस्कार भी निशुल्क संपन्न होगे यज्ञ की भागीदारी के लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं है कोई भी व्यक्ति माता बहने इस यज्ञ में भारतीय वेशभूषा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं।

यज्ञ में बैठने के लिए न्यूनतम प्रतिदिन गायत्री चालीसा या एक माला गायत्री जप अनिवार्य है या अपने किसी भी इष्टतम मंत्र का जाप या चालीसा करें तो यज्ञ के परिणाम सुखद होंगे आज की इस गोष्ठी में आह्वान किया की 24 कुंडी गायत्री यज्ञ के लिए24 गांव से उनकी मिट्टी और जल एकत्रित किया जाएगा। मिट्टी और जल 18 जनवरी को आएगा इस मिट्टी और जल से 24 कुंड का निर्माण किया जाएगा और विश्व कल्याण की प्रार्थना की जाएगी। यज्ञोपरांत वर्षा ऋतु में 108 पेड़ों का वृक्षारोपण करके उसे वन का रूप दिया जाना है और उसका पालन पोषण की जिम्मेदारी गायत्री परिवार की रहेगी। इस प्रकार का आह्वान किया गया। इस दौरान मणि शंकर पाटीदार प्रेम नारायण रघुवंशी सूरज सिंह विष्णु प्रसाद देवकिशन दयाराम बद्रीलाल लवंशी निहाल सहित मातृशक्ति में श्रीमती सीमा व्यास निर्मला जोशी शशि मिश्रा अनीता पाल रिचा मिश्रा कंचन पाटिल रजनी व्यास सीमा व्यास सहित मात्र शक्तियों उपस्थित थी कार्यक्रम का संचालन पंडित ललित पालीवाल ने किया। आभार तहसील समन्वय कैलाश शर्मा ने माना।

**खबर संक्षेप**

### नपा ने की नगर में मौजूद पेड़ों की छटाई



**आष्टा।** नगर के हृदय स्थल बड़ा बाजार स्थित वर्षो पुराना विशालकाय पीपल का पेड़ है जिसकी शाखाएं काफी लंबी होने लगी जो लोगों के घरों में घुस रही थी। इस आशय की जानकारी नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा को मिलते ही आज नगरपालिका की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्वयं की मौजूदगी में नपा कर्मचारियों से पीपल के पेड़ की शाखाओं की छटती करवाई। इसी प्रकार नगर में जितने भी ऐसे पेड़ थे उनको चिन्हित कर सभी पेड़ों की शाखाओं को कटवाया गया। श्री मेवाड़ा ने कहा कि आए दिन देखने में आ रहा था कि पेड़ की लकड़ियां सूखकर नीचे रोड़ पर गिरती थी जिसके कारण राहगीरों को चोट लगने की संभावनाएं तो बनती ही थी, वहीं आवागमन भी बाधित होता था। इन सभी के चलते मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना से चर्चा कर नगर में मौजूद ऐसे सभी पेड़ों की छटाई कार्य का अभियान चलाया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, पार्षद रवि शर्मा, तेजपाल मुकाती, मनीष धारवां, पवन वर्मा आदि मौजूद थे।

### सीएम हेल्प लाइन की समिक्षा बैठक हुई

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा वाले विभागीय पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी अधिकारी पूरी लगन, निष्ठा और मेहनत से अपने दायित्वों निर्वहन करें।

## नए साल का जश्न मना कर किया स्वागत, मंदिरों में भी रही श्रद्धालुओं की भीड़

# 2024: बदलते दौर में पारंपरिक और धार्मिक तरीके से अंग्रेजी नए साल का किया स्वागत, मंदिरों में दर्शन करने लगी कतारें





अग्रेजी नववर्ष की शुरूआत सोमवार से हो गई। नए साल पर जहां रात भर पार्टी का दौर चला तो वही सुबह से भक्ति भाव का माहोल देखा गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



खट्टी मीठी यादों के साथ 2023 बिदा हो गया अब नई उम्मीद के साथ 2024 शुरू हुआ। रात भर कोई होटल में तो किसी ने घर पर नए साल की अगवानी का जश्न मनाया। युवाओं से लेकर बच्चों में नए साल का उत्साह देखा गया ईधर पुलिस ने भी हाईवे सहित अन्य मार्गों पर वाहनों की चेकिंग की ताकि नए साल के आगमन पर कोई वारदात ना हो।

### जमकर मनाया नया साल का जश्न

इधर नया साल का जश्न 31 दिसंबर को ही शुरू हो गया था शहर में रविवार को कई जगह नए साल का जश्न मनाया गया हालांकि नए नियमों के चलते ज्यादा तेज आवाज में ध्वनि विस्तार की यंत्रों का उपयोग नहीं किया गया युवाओं ग्रुप में होटल रेस्टोरेंट पहुंचकर नए साल का जश्न मनाया लोगों ने परिवार सहित बाईपास, भोपाल इंदौर सहित अन्य मार्ग के होटल पर पहुंचकर जश्न मनाया तो किसी ने घर पर ही परिवार के साथ नए साल की अगवानी की। युवा अपने साथियों के साथ होटल में पहुंचे थे रात भर नए साल का जश्न मनता रहा।सुबह रही मंदिरों में लोगों की भीड़नए साल पर शहर सहित ग्रामीण अंचलों के मंदिरों में सुबह 5 बजे से ही लोगों की भीड़ रही सबसे ज्यादा पार्वती नदी किनारे स्थित शंकर मंदिर में सुबह से ही नए साल की अगवानी में लोगों ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए इसके साथ ही प्राचीन खेड़ापति मंदिर, श्री राम मंदिर सहित अन्य मंदिरों में नव वर्ष के प्रथम दिन पर दिनभर भीड़ रही।

### भगवान के अभिषेक-शांति धारा, पूजा-अर्चना कर नए साल का किया स्वागत

नए साल 2024 की शुरुआत व स्वागत जैन समाज द्वारा जहां भगवान की भक्ति अर्थात पूजा - अर्चना ,अभिषेक, शांति धारा के साथ की गई ।वहीं श्री चंद्र प्रभु मंदिर गंज में जय जिनेंद्र महिला मंडल ने श्री चंद्र प्रभु विधान भक्ति भाव के साथ किया। अनेक लोगों ने थर्टी फर्स्ट की पार्टी देर रात्रि तक होटल, रिसोर्ट आदि में करके वर्ष 2023 की विदाई और 2024 का स्वागत किया। आतिशबाजी और नाच गायकर भी रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर के होटल ,रेस्टोरेंट एवं सड़कों पर नए साल को लेकर युवा वर्ग में एक अलग ही जोश-उत्साह था। हालांकि पुलिस की सख्ती और नए नियमों के कारण ज्यादा धूम धड़ाका नहीं हुआ। दूसरी तरफ सोमवार को मंदिरों में नया साल का स्वागत परंपरागत तरीके से किया गया। सोमवार 1 जनवरी नए साल के पहले दिन मंदिरों में भगवान का अभिषेक, शांति धारा सहित जय घोष की गूंज सुनाई दी ।नगर के अन्य विभिन्न मंदिरों में नए साल पर विशेष धार्मिक आयोजन सनातन धर्म के लोगों द्वारा भी किए गए। बदलते दौर में लोग अंग्रेजी नए साल का स्वागत भी पारंपरिक और धार्मिक तरीके से करने में ज्यादा रुचि लेते हुए नजर आए। नगर के श्री गणेश मंदिर, नवदुर्गा मंदिर, शंकर मंदिर, बाबा रामदेव मंदिर आदि में विशेष श्रृंगार भी किया गया। वहीं दुग्ध अभिषेक भी किया, सूजी के हलवे का भोग लगाकर प्रसाद का वितरण भी किया गया।

# मंदिर में कुर्सियां देने पर डूंगरवाल का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के गंज मौहल्ले में स्थित श्री महावीर श्वेतांबर जैन मंदिर में चांदी के शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा एवं नवपद के गट्टा जी भेंट करने वाले दिवंगत कल्याणमल श्रीश्रीमाल के सुपुत्र राजेंद्र कुमार, उमेश कुमार श्रीश्रीमाल परिवार एवं नगीनचंद रौनक डूंगरवाल परिवार द्वारा स्टील की कुर्सियां व घड़ी दान में देने पर श्रीसंघ द्वारा गंज मंदिर में स्वागत कर सम्मान किया गया।

गंज मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नगीनचंद वोहरा एवं श्रीसंघ अध्यक्ष पवन सुराणा आदि द्वारा दोनों परिवारों का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। श्रीश्रीमाल परिवार द्वारा गंज मन्दिर जी मे भगवान शांतिनाथ की चांदी की प्रतिमा एवं नवपद जी के गट्टा भेंट किये गये थे। गंज मन्दिर ट्रस्ट एवं श्रीसंघ की ओर से राजेंद्र व उमेश श्रीश्रीमाल का आभार व्यक्त करते हुए बहुमान किया गया। साथ ही नगीनचंद रौनक कुमार डूंगरवाल परिवार द्वारा गंज मन्दिर जी उपासरे के लिए स्टील कुर्सी के चार सेट और एक दीवार घड़ी भेंट की गई। इस अवसर पर श्री डूंगरवाल का भी बहुमान किया गया। इस अवसर पर श्रीसंघ अध्यक्ष पवन सुराणा,गंज मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष नगीनचंद वोहरा, सुरेश धाडीवाल,नगीन सिंगी, प्रताप चतरमुथा, विपिन बनवट, उमेश सुराणा, प्रदीप धाडीवाल आदि उपस्थित थे।

# शब्द की समर्थता हर घर में शांति ला सकती है: गोविंद जाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 1 जनवरी से 7 जनवरी के मध्य होने वाली कथा की शुरूआत हो गई। मालवा माटी के संत गोविंद जाने के मुखर बिंदु से इस वर्ष श्री राम कथा सुनाई जा रही।

श्रद्धालुओं काफी संख्या में श्रवण करने के लिए पहुंचे वही इस वर्ष महादेव महिला मंडल का इस वर्ष विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। वही लगभग 15 दिनों से गोविंद जाने सेवा समिति पंडाल और अन्य व्यवस्थाओं में जुटी हुई थी। हर इस वर्ष भी पहले ही दिन में हजारों की संख्या में श्रद्धालू जमावड़ा श्रवण के लिए पहुंचे। इस वर्ष गुरुदेव ने श्री राम मंदिर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा के लिए श्री राम कथा पर प्रकाश डाला। श्री संत ने कहा है कि यह भारत भूमि है यहां पर दुष्टों और अत्याचारों की परीक्षा नहीं होती यहां सत्कर्म और संतों की परीक्षा होती है जिनके ईमान चरित्र प्रार्थना और गुरु बलवान होता है एक दिन किसी ने किसी रूप में उनसे मिलने स्वयं भगवान आते हैं।

जिस घर का मालिक रात्रि में जाग रहा होता है उसे घर में कभी चोरी नहीं हो सकती। इस प्रकार हमारे मन के चरित्र को अगर हम रघुनाथ मन से जागृत कर लेंगे तो हमारे शरीर में कभी भी दुष्कर्म दुर्गुण रूपी विचार कभी नहीं आ सकेगा। राम कथा युगो युगो से चलती आई है और युगों युगों तक चलती रहेगी। यह तो राम के चरित्र की ज्ञान रूपी गंगा है जिसको चित्र चरित्र करने से मनुष्य का जीवन सुधर जाता है। कभी-कभी हमारे परिवार की किसी व्यक्ति की वाणी भी गुरु का काम करती है। जिस प्रकार मंदोदरी के बार-बार रावण को समझाया कि जिनके नाम से पत्थर पानी पर टायर जाते हैं। उनसे टकराने में आपको फायदा नहीं है, जेब भले ही धन से खाली हो हृदय में उत्तम चरित्र विचार संस्कार की जेब कभी खाली नहीं होनी चाहिए।

हमेशा जिंदा व्यक्ति ही प्रार्थना करता है और हमारी प्रार्थना के शब्द अगर जनहित कल्याण के शब्द हो तो निश्चित ही तुलसीदास की तरह हमारे शब्द की समर्थता हर घर में शांति ला सकती है। इस अवसर पर ,गोविंद जाने में समिति के डॉ मनोज नागर, नानूराम मेवाडा, विजय खंडेलवाल,चेतन सिंह ठाकुर,चेतन वर्मा ,बंटी मेवाड़ा ,राजा मेवाड़ा , मीडिया प्रभारी जुगल पटेल, जटाल सिंह मेवाडा, धिरप पटेल, सौभाल सिंह मुलगी, बलबहादुर भगत जी, जितेंद्र सिरोठिया, शिवनारायण महादेव महिला मंडल की भगवती सोनी, संध्या बजाज, मंजू राठौर, विनीता महेश्वरी, सेज वाला शर्मा, टीना पांचाल बिंदू सोनी सहित अन्य श्रद्धालुगण उपस्थित थे। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

# बैठक में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई आष्टा की नवीन कार्यकारिणी की हुई घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की संघ कार्यालय में सम्पन्न हुई बैठक में नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। स्थानीय संघ कार्यालय पर हुई बैठक का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती जी व युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर हुई। बैठक में जिला संगठन मंत्री विवेकानंद जी वा जिला सयोजक शुभम व्यास ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की आष्टा नगर इकाई की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें नगर अध्यक्ष देवेंद्र बागवान, नगर मंत्री रजत सोनी, नगर सह मंत्री प्रिंस कुशवाह, आयुषी जैन,नरेंद्र जाट, निखिल मालवीय, विशाल धाकड़,महाविद्यालय प्रमुख राहुल जाट, सह प्रमुख सुमित बगाना, विद्यालय प्रमुख अंश राठौर सह प्रमुख मोहित शर्मा,एसएफडी प्रमुख भरत सोनी,सह प्रमुख सोनू मालवीय,एसएफडी प्रमुख प्रियांश सोनी, सह प्रमुख मनोयन बोहरा, खेलो भारत नगर प्रमुख मोहित सोनी, सह प्रमुख अतुल जैन कलामंच प्रमुख सार्थक सह प्रमुख मन साहू ,ई एक्टिविटी प्रमुख कृष्णा राठौर,सह प्रमुख रुद्र कुशवाह नगर कृषि आयाम प्रमुख नवीन सेन सदस्य भूपेंद्र परमार ,प्रशांत परमार,नरेन्द्र ठाकुर बनाये गये। नवीन कार्यकारणी के सभी पदाधिकारियों को अंकुश सोनी पूर्व भाग संयोजक, अखिलेश राजपूत, मनीष प्रजापति, विकाश डाबी, दीपक जैन आदि कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

### मानस सम्मेलन में संतों का किया स्वागत



**आष्टा।** स्थानीय मानस भवन मे आयोजित सात दिवसीय मानस सम्मलेन के दौरान व्यासपीठ पर विराजित विदुषी वर्षा नागर का नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने होने साथियो सहित पहुंचकर उनका स्वागत सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष जीवनसिंह मंडलोई, पार्षद रवि शर्मा, सत्यनारायण कामरिया, वैभव मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालुजन मौजूद थे।

# भाजपा की कार्यकर्ता ही पूंजी: गोपाल इंजीनियर



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा विकासखंड के ग्राम अमरपुरा से प्रारम्भ विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्रामों के विकास कार्यों और योजनाओं से लाभांवित पात्र हितग्राहियों को सम्मानित किया जा रहा है आमला जोड़ पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ द्वारा गर्म जोशी से स्वागत किया गया तत पश्चात ग्राम अमरपुरा में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रचण्ड जीत कार्यकर्ताओ की जीत है और जो विकास कार्य हो रहे है। उनमें सबसे बड़ा फायदा हर ग्राम के निवासी को हो रहा है जननी सुरक्षा योजना हो या लाड़ली लक्ष्मी योजना बुजुर्गो को तीर्थ दर्शन योजना का लाभ दिलाया या कन्यादान योजना से बेटियो के विवाह करवाए गए अनेकों योजनाओं और विकास कार्यों पर काम करना ही भाजपा की सरकार का संकल्पित प्रयास रहा है अभी अयोध्या नगरी में भगवान राम जी का भव्य मन्दिर बन रहा है धारा 370 हो या अन्य कोई काम हो भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ही संभव है भारतीय जनता पार्टी की नीति रीति से प्रभावित होकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कोक सिंह सरपंच गाजना अपने साथियों सहित भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा भाजपा की पटिक पहनाकर उनको भारतीय जनता पार्टी परिवार की सदस्यता ग्रहण करवाई।

ग्राम गाजना उरली में इंडियन क्रिकेट टूर्नामेंट के संपन अवसर पर पहुंचे इसके बाद ग्राम कुर्ली और लाखिया मे ग्रामिणो को सम्बोधित किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गण, मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारियों सहित कार्यकर्त्ता बंधु, युवा साथी, मातृ शक्ति उपस्थित रहे।

## विश्व हिंदू परिषद कें नेतृत्व में कार्यकर्ता राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा का देंगे निमंत्रण

# हर घर पहुंचेगा अयोध्या से आया निमंत्रण: लखन सिंह ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अयोध्या से आए पीले चावल के अक्षत कलश उन कलशो को क्रमशः प्रांत प्रांत से विभाग, विभाग से जिला, जिला से प्रखंड, प्रखंड से खंड, और खंड से प्रत्येक गांव में अक्षत कलश पहुंच चुके हैं !अब 1 जनवरी से हर घर निमंत्रण पहुंचे ऐसी योजना विश्व हिंदू परिषद कें नेतृत्व में की गई है, जिसकी शुरुआत जिला अध्यक्ष जगदीश कुशवाह, जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर, जिला मंत्री मंगलेश, जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश ठाकुर एवं प्रखंड अध्यक्ष लाखन सिंह ठाकुर विहिप मालवा भारत प्रांत से पधारे धर्म प्रसार के जिला परियोजना प्रमुख प्रतीक भावसार,प्रखंड सुरक्षा प्रमुख अर्जुन सिंह खेड़ी,बलवान सिंह प्रखंड उपाध्यक्ष की उपस्थिति में देववांचल धाम देव बडला में भगवान बिल्वेश्वर महादेव को जावर प्रखंड का प्रथम निमंत्रण दिया गया। इसी कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष ने हर घर अक्षत पहुंचे सभी बजरंगी इस कार्य में जुट जाएं और 1 जनवरी से 15 जनवरी तक सभी लोगों को निमंत्रण मिले ऐसा अनुरोध किया है। जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज ठाकुर ने सभी सनातनी हिंदू भाइयों से निवेदन किया कि, इसमें किसी भी प्रकार की राजनीति ना हो और सभी दल, पार्टी, मंडल, जाती वर्ग के लोग इस कार्य को ऐसे करें, जैसे हमारे ही घर आयोजन हो सभी मंदिरों में साज सज्जा हो ,मंदिरों की सफाई हो, हर घर दीपक जले, और इस प्रकार वातावरण निर्मित हो, जैसे हम दीपावली पर करते हैं। जो सतत 15 दिन तक चलती रहेगी। 16 जनवरी से अयोध्या में जो भगवान के जन्म स्थान पर बाल विग्रह के रूप में भगवान अपने जन्म स्थान पर विराजमान होंगे और 22 तारीख तक चलने वाले उसे महा अनुष्ठान को अपने गांव में भी इस प्रकार करें जैसे अयोध्या में हो रहा है , हमारा गांव ही हमारे लिए अयोध्या हो ऐसा वातावरण निर्मित हो।

इस महा अभियान की शुरुआत 1 जनवरी से जिला अध्यक्ष की उपस्थिति में की गई । 1 जनवरी को प्रखंड अध्यक्ष एवं इस अभियान के संयोजक लाखन सिंह ठाकुर की उपस्थिति में जावर नगर में प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें जावर प्रखंड संयोजक यशवंत सिंह ठाकुर ,प्रखंड मंत्री हरेंद्र सिंह ठाकुर और इंदौर से पधारे विहिप धर्म प्रसार जिला परियोजना प्रमुख प्रतीक भावसार, जावर नगर सत्संग प्रमुख भूपेंद्र सिंह ठाकुर, दीपक प्रजापति, महेंद्र भगवान की उपस्थिति मे इस कार्यक्रम का श्री गणेश किया गया ,इस पूरे अभियान का तेहसिल स्तर संयोजन कर रहे लखन सिंह ने बताया की 01 जनवरी से 22 जनवरी तक घर घर चावल वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ हो चुका है।